तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 23 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 शिक्षा के अधिकार की रक्षा की मांग को लेकर युवा कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**हरदीबाजार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्टता के साथ खास स्थान बनाते हुए जिले का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं में परीक्षा में बैठे 66 उत्तीर्ण 66 परीक्षाफल प्रतिशत सौ प्रतिशत रहा वहीं बारहवीं में परीक्षा में बैठे 96 उत्तीर्ण 90 परीक्षा फल प्रतिशत 93.75 प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में कु.प्रतिभा पटेल 87.2 प्रतिशत,कु. अनीशा पटेल 82.4 प्रतिशत,नागेश्वर प्रसाद 82.02 प्रतिशत के साथ कक्षा दसवीं में कु. सुजाता 86 प्रतिशत,कु दिव्या 81.6 प्रतिशत, विनय कुमार 81 प्रतिशत के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। छात्रों के इस उपलब्धि पर दुष्यंत शर्मा, अंजली श्रीवास जनपद सदस्य, संजय राज सरपंच, कौशल श्रीवास, शंकर कंवर सरपंच, तुंगन पटेल, मनोज जगत, चंद्रिका प्रसाद उईके, गोवर्धन पटेल, फिरन सिंह कंवर, जनकराम पटेल, छेदीराम कश्यप, रामसिंह नायक, चंद्रपाल सिंह, रामनारायण पटेल, शांतिलाल पटेल, रविता मरावी राजकुमार मरावी, मनोज चौबे, सत्यप्रकाश खांडेकर, प्राचार्य पूनम दुबे ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य हेतु कामना किये हैं।

### तुमान में मिला ब्रिटिश कालीन प्राचीन दस्तावेज

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में व्यापक रूप से संचालित किये जा रहे ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत ऐतिहासिक महत्व की प्राचीन पाण्डुलिपियों को बचाने और डिजिटल संरक्षण करने खोज जारी है। इस कड़ी में ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिला समन्वयक सतीश प्रकाश सिंह द्वारा विगत दिवस पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम तुमान में सर्वेक्षण के दौरान ब्रिटिश कालीन दस्तावेजों को खोज निकाला गया। जिला समन्वयक सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि ग्राम तुमान के निवासी बुजुर्ग बिधून दास महंत के नाती ने सर्वेक्षण के दौरान उन्हें यह ब्रिटिश कालीन दस्तावेज उपलब्ध कराया। देश की आज़ादी के पहले के इस पुराने दस्तावेज का अवलोकन करने पर पाया गया कि एक रूपये मूल्य के स्टाम्प में ब्रिटेन के तत्कालीन राजा की तस्वीर छपी हुई हैं। यह हस्तलिखित दस्तावेज 80 साल पुराना हैं, जिसकी स्याही बहुत धुंधली हो चुकी हैं तथा कागज़ बहुत जीर्ण-शीर्ण हालात में हैं।

### सीपीआई ने कलेक्टर के नाम मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनियमितताओं को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद ने कलेक्टर के नाम मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। संघ ने मांग की है कि लगातार चार माह तक जिले की एक भी राशन दुकान से पात्र हितग्राहियों को चना नहीं मिला। ई-पॉस मशीनों का सर्वर लगातार ठप रहने से वृद्ध, दिव्यांग, गर्भवती महिलाएं और मजदूर भीषण गर्मी में घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं।

# शिक्षा विभाग के 40 शिक्षक आश्रम अधीक्षक के पद पर हैं अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नए शिक्षण सत्र शुरु होने के पहले शिक्षकों के विभिन्न विभागों में अटैच होने के मुद्दे को लेकर डीपीआई के द्वारा मांगी गई जानकारी के तहत शिक्षा विभाग ने कुल 45 शिक्षकों की जानकारी डीपीआई को भेजी है जिसमें से 40 शिक्षक आश्रम छात्रावास अधीक्षक के पद पर अटैच हैं। आदिवासी विकास विभाग में अधीक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती नहीं होने से शिक्षकों को अटैच कर काम चलाया जा रहा है।

आदिवासी बाहुल्य जिले में 183 आश्रम छात्रावास संचालित हैं। इनमें अधिकांश अधीक्षक के पद बीते 3 वर्ष से खाली पड़े थे। जिसमें से 20 पद बीते वर्ष 2024 में आश्रम अधीक्षक के पद पर हुई भर्ती के बाद भरे गए थे। उसके बाद भी 40 पद खाली हैं। जिस पर भर्ती नहीं की गई। जबकि शासन के द्वारा की गई भर्ती के दौरान अनेक उम्मीदवार भर्ती के लिए सूची में दर्ज थे किंतु मापदण्डों में खरा नहीं उतरने के कारण उनकी पदस्थापना नहीं हो सकी। जिससे 40 पद जिले में रिक्त रह गए। उन पदों पर शिक्षा विभाग के शिक्षक और सहायक शिक्षकों को अटैच किया गया है। 40 पदों पर शिक्षा विभाग के शिक्षकों की अटैच होने की रिपोर्ट डीपीआई को भेजी गई है। इनके अलावा 5 शिक्षक और हैं जो कई अन्य शाला में अटैच हैं अब इन 5 शिक्षकों को मूल शाला में भेजा जाएगा। वहीं 40 शिक्षकों के संबंध में विभाग से मार्गदर्शन लिया जाएगा। शिक्षकों के अटैचमेंट को लेकर शिक्षक संगठनों ने भी अटैचमेंट समाप्त करने के लिए जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार से समय समय पर मांग की है।

## डीपीआई को शिक्षा विभाग ने भेजी जानकारी

### खास बातें

- 5 जून तक अटैचमेंट समाप्त करने हैं निर्देश
- युक्तियुक्तकरण से बीते वर्ष समाप्त हुआ था अटैचमेंट

### युक्तियुक्तकरण से मिले थे शिक्षक

शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों को बीते शिक्षण सत्र के दौरान राज्य शासन के द्वारा लागू की गई युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों की पदस्थापना की गई थी। ऐसे स्कूलों में शिक्षकों को पदस्थ किया गया जहां छात्रों की दर्ज संख्या सर्वाधिक थी और उस अनुपात पर शिक्षक पदस्थ नहीं थे। वहीं ऐसे शिक्षकों को युक्तियुक्त प्रक्रिया में शामिल किया गया जो अतिशेष की श्रेणी में शामिल थे। ऐसे शिक्षकों की संख्या जिले में लगभग 5 सौ थी।

### डीपीआई को जानकारी भेजी गई

शिक्षकों के अटैचमेंट को लेकर डीपीआई को जानकारी भेज दी गई है। 40 शिक्षक आश्रम छात्रावास के अधीक्षक के पद पर अटैच हैं। भर्ती नहीं होने के कारण उन्हें अटैच किया गया है। 5 और शिक्षक हैं जो अन्य जगह अटैच हैं कुल 45 शिक्षकों की जानकारी भेजी गई है।

- टी पी उपाध्याय
डीईओ

## खाद वितरण व्यवस्था में आया नया नियम

# खाद के लिए किसानों को कटौती का करना पड़ेगा सामना, बीते वर्ष से कम मिलेगी खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद वितरण व्यवस्था में अब नया नियम लाया गया है। अब फुल लिमिट स्तर पर खाद नहीं मिलेगी। बीते वर्ष की तुलना में 80 प्रतिशत खाद यूरिया की दी जाएगी। बीते वर्ष किसानों को यूरिया खाद उनकी मांग के अनुसार वितरित कर दी जाती थी। खाद संकट को देखते हुए इस वर्ष इस व्यवस्था में यह बदलाव किया गया है।

बीते वर्ष किसानों को उनकी मांग के अनुसार खाद के वितरण करने का नियम लागू था उसके बावजूद खाद संकट की स्थिति से किसानों को गुजरना पड़ा था। इस वर्ष खाद की आपूर्ति को लेकर आने वाले दिनों में तकनीकी समस्या खड़ी हो गइं। मध्य एशिया में चल रहे युद्ध का प्रभाव खाद पर भी पड़ा है। इसे देखते हुए राज्य शासन ने नई व्यवस्था लागू की है ताकि सभी किसानों को उनके मांग अनुसार खाद मिल सके। पूर्व में शासन ने 60 और 40 के अनुपात को बदल दिया है। 70 प्रतिशत नगद राशि और 30 प्रतिशत खाद के रुप में खर्च की जाएगी। दूसरा नया नियम लाया है इस नए नियम के अनुसार पिछले वर्ष किसानों को दिए गए कुल खाद की मात्रा का 80 प्रतिशत ही दिया जाएगा। उसमें भी यूरिया खाद शामिल है। 20 प्रतिशत अन्य खाद दी जाएगी। खाद वितरण की व्यवस्था किसानों को खाद संकट से उबारने की दिशा में कदम बताया जा रहा है जो किसानों को नागवार गुजर रहा है।



फाइल फोटो

### नए नियमों के तहत खाद का वितरण

किसानों को किसी भी तरह से खाद के लिए समस्या का सामना ना करना पड़े। सभी किसानों को खाद उपलब्ध हो सके इसके लिए शासन के नए नियमों के तहत ही खाद का वितरण किया जा रहा है।

- डी पी एस कंवर, उप संचालक कृषि

### शुरु होने लगी नोक झोक

सहकारी समितियों में खाद भंडारण के बाद उसके वितरण की व्यवस्था शुरु हो गई है और इसके साथ ही समिति प्रबंधकों और किसानों में नोंक झोंक भी शुरु हो गई है। कम खाद मिलना और रकबे की दर से खाद का वितरण किया जाना ऐसे नियमों ने किसानों के सामने खेती का काम शुरु होने से पहले ही संकट खड़ा कर दिया है। अब किसानों को उनकी मांग के अनुसार नहीं बल्कि शासन के नियमों के अनुसार खाद देने की व्यवस्था शुरु की गई है।

### एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य

अभी तक धान खरीदी के लिए ही एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया था लेकिन अब खाद लेने के लिए भी किसानों को एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिस तरह की परेशानी किसानों को धान खरीदी सीजन में पंजीयन के दौरान हुई थी वैसी ही परेशानी का सामना किसानों को खाद खरीदने के लिए भी पंजीयन के दौरान भी करना पड़ रहा है।

# अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी उत्तम कुमार चौहान उम्र 41 वर्ष पिता स्व गुरुवार सिंह अपने गृहग्राम दीपका बतारी गया हुआ था। जहां नवनिर्मित मकान में जब सो रहा था तो इसी दौरान ऊपर से एक ईंट उत्तम कुमार के उपर गिर गई। जिससे उसे गंभीर चोट लगी थी जिसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान उत्तम कुमार चौहान की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल उत्तम कुमार की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। दूसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत खरमोरा अटल आवास की है। यहां निवास मंतोष कुमार 42 वर्ष पिता शालिगराम चौहान 15 मई को अपने घर के समीप स्थित पीपल पेड़ पर चढ़कर टहनियों की कटाई कर रहा था किसी दौरान पास से गुजरे 11 केवी तार के संपर्क में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। जिसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को मंतोष कुमार की मौत हो गई। वहीं तीसरी घटना रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुढुनारा की है। यहां निवासरत चनेशराम राठिया की 16 वर्षीय पुत्री चंद्रमुखी 15 मई को अपने घर के बाहर रेंजर साइकिल चला रही थी। किसी दौरान वह साइकिल से गिर गई थी जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल नहीं कराया था बताया जाता है कि बुधवार को परिजनों ने चंद्रमुखी को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

### खास बात

- सीएसईबी चौकी, सिविल लाइन रामपुर एवं रजगामार चौकी में हुई घटना

# सड़क सुरक्षा पर सख्त हुए नए परिवहन अधिकारी एनएच-130 के ब्लैक स्पॉट्स का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशानुसार नवपदस्थ आरटीओ अतुल असैया ने बुधवार को पुलिस विभाग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम के साथ एनएच-130 के ब्लैक स्पॉट्स का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्व बैठक में कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत किए जा रहे सुधारात्मक कार्यों की समीक्षा की गई।

संयुक्त टीम ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए किए गए सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि कई संवेदनशील स्थानों पर रंबलर स्ट्रिप, कैट आई, क्रैश बैरियर, सूचनात्मक बोर्ड तथा गति संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं। अधिकारियों ने संबंधित एजेंसियों को आवश्यक स्थानों पर और प्रभावी सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान केसेनिया मोड़ के नवीन ब्लैक स्पॉट का भी निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम ने वहां दुर्घटना की संभावनाओं को देखते हुए अतिरिक्त सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता जताई। निरीक्षण उपरांत संबंधित बिंदुओं से लोक निर्माण विभाग को अवगत कराया जाएगा ताकि शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जा सके। अतुल असैया ने पदभार संभालने के दूसरे ही दिन सड़क सुरक्षा को लेकर सक्रियता दिखाते हुए ब्लैक स्पॉट्स का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। अधिकारियों का कहना है कि सड़क सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को मजबूत कर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।



### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (शहरी ) अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के 2 रिक्त पदों के लिए 5 से 19 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन करने हेतु नवीन पोर्टल में पंजीयन कर आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र पर पद एवं केन्द्र के नाम का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। वार्डवार सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ( शहरी ) से प्राप्त की जा सकती है। इस पद हेतु आवेदिकाओं को उसी वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है। आवेदिकाओं की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीण होना चाहिए।

# कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर पिलाई युवती को, झरने में की छेड़छाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवती दो दिनों पहले अपने दोस्तों के साथ पिकनीक मनाने के लिए बालको गई हुई थी जहां उसके पुरुष दोस्तों ने कोलड्रींक में शराब मिला दिया और पिलाकर झरना में नहाने के दौरान युवती के साथ छेड़छाड़ कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। युवती ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

पीड़ित युवती ने बालको थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी कि 20 मई को अपने सहेली सुरईया खान, आवेश, विकास एवं राजकुमार उरांव के साथ पिकनिक मनाने ग्राम गहनिया गये थे। प्रार्थिया की सहेली सुरईया खान के उक्त दोस्त कोलड्रिंक और खाने का सामान लेकर गये थे और कोलड्रिंक में शराब मिलाकर युवती को जबरदस्ती पीने दिये और बोले कि कुछ नहीं होगा तब पीडिता शराब मिले कोलड्रिंक को पी ली और वहां से झरना में नहा रहे थे नहाते समय विकास, आवेश एवं राजकुमार उरांव के द्वारा युवती के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत करते हुए मारपीट किये हैं। मामले की शिकायत पर पुलिस ने सेक्टर 05 क्वाटर नंबर 484 बालको निवासी विकास पासवान पिता फुलेन्दर पासवान उम्र 21 वर्ष, सीएसईबी चौक पम्प हाउस निवासी आवेश मिर्जा पिता मिर्जा जलील उम्र 22 वर्ष एवं संजय नगर नगरदा थाना बालको निवासी राजकुमार पिता राजेश उरांव उम्र 20 वर्ष के खिलाफ धारा 74, 64(1), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हुआ आयोजन

# अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल में शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय जैव विविधता मनाया गया जहां दोनों ही वन मंडल के विभिन्न परिक्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रम में समितियों की बैठक ली गई और ग्रामीणों को जैव विविधता के संबंध में अवगत कराया गया है।

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत वन मंडल 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के विशेष अवसर पर आवश्यक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कोरबा वनमंडलाधिकारी प्रेमलता के निर्देश पर एसडीओ एसके सोनी द्वारा वन मंडल के सभी परिक्षेत्रों लेमरू, बालको, कोरबा, करतला, पसरखेत एवं कुदमुरा में परिक्षेत्र स्तरीय व्यापक गतिविधियों का संपादन किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2026 के लिए निर्धारित मुख्य थीम श्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से, स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और वन सुरक्षा दलों के सहयोग से कई महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य गतिविधियां सुनिश्चित की गईं। सभी 6 परिक्षेत्रों में संपादित की गई मुख्य-मुख्य गतिविधियां परिक्षेत्रवार है जिनमें वन परिक्षेत्र लेमरू में स्थानीय जैव विविधता संरक्षण कार्यशालाः लेमरू परिक्षेत्र के अंतर्गत समृद्ध वनस्पति और वन्यजीवों के संरक्षण हेतु स्थानीय ग्रामीणों एवं वन प्रबंधन समितियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसी तरह कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत के निर्देश पर कटघोरा, पसान, जटगा, चैतमा, पाली, केंदई रेंज में अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। जहां वन विभाग के अधिकारियों ने अपने अपने रेंज में समितियों की बैठक ली और उन्हें अंतराष्ट्रीय जैव विविधता के संबंध में जानकारी दिया और सफाई अभियान चलाया गया। कटघोरा वन मंडल अपने जैव विविधता के लिए जाना जाता है जहां विभिन्न प्रकार के वन्य प्राणियों के अलावा दुर्लभ वन्य प्रजातियों की भरमार है। इसे लेकर कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत ने ग्रामीणों को अवगत कराया।





## खबर संक्षेप

### 250 उम्मीदवारों को दिया जाएगा नियुक्ति पत्र आज

**बिलासपुर।** शनिवार को रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में रोजगार मेले का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें बिलासपुर के 250 से अधिक उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र का वितरण होगा। रोजगार मेला आरंभ किए जाने के बाद से देश में अब तक 18 रोजगार मेलों के माध्यम से करीब 12 लाख नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला 47 स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के सभी हिस्सों से चयनित नवनियुक्त उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग आदि सहित केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में कार्यभार ग्रहण करेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर स्थित एनईआई सभागार में सुबह 9.30 बजे इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि रहेंगे।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

**बिलासपुर।** सरईपाली से अपने दोस्त से मिलने के लिए आए दो दोस्त हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में एक की मौत हो गई है, वहीं हारवेस्टर चालक घायल हो गया है। मामला बिल्हा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार तिरथ घैराभाठा बिल्हा मोड में रहता है। सराईपाली से उसके परिवारिक भाई तिरथ सिंह और उसका दोस्त इंद्रजीत सिंह मिलने के लिए पहुंचा था। बिल्हा मोड के पास सड़क निर्माण के दौरान दोनों सड़क के किनारे पेशाब कर रहे थे, बिल्हा मोड से अज्ञात वाहन ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए दोनों को ठोकर मार दी। हादसे में तिरथ सिंह की मौत हो गई, वहीं इंद्रजीत घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है।

### परीक्षा देने जा रहा युवक हुआ हादसे का शिकार



**बिलासपुर।** उसलापुर से कोनी कालेज जा रहे युवक हादसे का शिकार हो गया,भीषण गर्मी के कारण कार का टायर फट गया जिसके बाद कार सीधे दीवार से जा टकराई। हादसे में युवक को मामलू चोट लगी है, लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के उस्लापुर ओबर ब्रिज का है। जहां उस्लापुर निवासी पल्लव साहू पिता जगमोहन साहू उम्र 23 वर्ष परीक्षा दिलाने के लिए कोनी जा रहा था। इस दौरान वह अपने रिश्तेदार जितेन्द्र साहू की कार क्रमांक सीजी 28 के 5673 को लेकर निकला था, वह ओवरब्रिज से नीचे पहुंचा था कि तेज गर्मी के कारण कार के पिछले चक्के का टायर फट गया। जिसके बाद कार अनियंत्रित हो गई और दीवार से टकरा गई। जिसके बाद कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल युवक को बाहर निकला गया हालांकि युवक को मामूली चोट लगी है।

### सप्ताह भर से गिरे बिजली खंभे, करंट का खतरा

**बिलासपुर।** दीनदयाल मार्ग स्थित पाइप फैक्ट्री के पीछे सन रेसिडेंट में एक सप्ताह से बिजली के खंबें गिर गए है। खंबों में करंट प्रवाहित हो रहा है, जिससे इलाके में करंट से हादसे का खतरा बना हुआ है। बिजली विभाग को सूचना देने के बाद भी टीम नहीं पहुंची है, जिसके चलते लोगों में आक्रोश है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार दीनदयाल मार्ग के पाइप फैक्ट्री के पीछे सड़क किनारे दो बिजली के खंबे आंधी तुफान के दौरान गिर गए थे, तार भी टूट कर खुले में पड़ा हुआ है। इसकी शिकायत बिजली विभाग से की गई है लेकिन कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतते हुए टूटे तार व खंबों की मरम्मत नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि गली से रोजाना बच्चे, बुजुर्ग और राहगीर गुजरते हैं। चपेट में आने से बेजुबान जानवरों को भी करंट का खतरा बना हुआ है।

---

**फूल मार्केट की रौनक गायब** — व्यापारियों को उठाना पड़ रहा आर्थिक नुकसान, कम दामों पर बेचने की मजबूरी

# भीषण गर्मी और बिजली संकट से झुलसा फूलों का कारोबार,40 प्रतिशत स्टॉक हो रहा बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नौतपा पहले ही भीषण गर्मी और लगातार बिजली बंद रहने से फूल मंडी झुलस गई है। शहर की इस प्रमुख मंडी के व्यापरियों का कारोबार इन दिनों पूरी तरह प्रभावित हो गया है। तापमान बढ़ने से मंडी में रखे करीब 40 फीसदी फूल समय से पहले खराब होकर कचरे में तब्दील हो रहे हैं, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

फूल मंडी के व्यापारियों का कहना है कि वे माल को सुरक्षित रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज और फ्रीजर का सहारा लेते हैं, लेकिन शहर में लगातार हो रही बिजली की आंख मिचौली और लो-वोल्टेज की समस्या





से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। समय पर कूलिंग ने होने के कारण फ्रीजर में रखा स्टॉक भी सड़ रहा है।

व्यापारियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे फूलों का स्टॉक तो जैसे-तैसे रख भी लें, लेकिन बिक्री के लिए गेंदा,मोगरा और गुलाब जैसी मालाएं बनाकर उन्हें खुले में ही बाहर रखना पड़ता है। लू और तपिश के कारण ये मालाएं एक दिन में ही पूरी तरह मुरझा जाती है जिन्हें बाद में कम दामों में बेचना पड़ता है या फिर फेंकना पड़ता है।

### ट्रांसपोर्टेशन और पैकेजिंग ने बढ़ाई लागत

बिलासपुर मंडी में फूलों का स्थानीय आवक बेहद सीमित है। यहां के व्यापारी ज्यादातर माल नागपुर, कोलकाता और पुणे जैसे बड़े केन्द्रों से मंगवाते हैं। मरीमाई पुष्प भंडार के संचालक राजेन्द्र साहू ने बताया कि परिवहन का खर्च काफी बढ़ गया है, जिससे फूलों की लागत पहले ही ऊपर जा चुकी है। ऊपर से फूलों को सुरक्षित रखने और पैक करने के लिए इस्तेमाल होने वाली जिलेटिन पॉलीथीन और पैकेजिंग पेपर के दामों में भी भारी बढ़ोतरी हुई है।

### आवक घटी, ऑफ-सीजन में दोहरी मार

मंडी में मुख्य रूप से गेंदा,देसी गुलाब ,मोगरा,सनफ्लावर ,रजनीगंधा स्टिक और जिप्सी जैसे फूलों की मांग रहती है। शादी और त्योहारों के सीजन में तो मांग अच्छी होने से व्यापार रफ्तार पकड़ लेता है और थोड़ा बहुत नुकसान कवर हो जाता है, लेकिन वर्तमान में ऑफ सीजन के कारण बाजार में खरीददार कम हैं।

---

पहले पार्टनरशिप में बिजनेस डील की, फिर हुआ विवाद

# भाजपा नेत्री से करोड़ों की ठगी दुष्कर्म, आरोपी रांची से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की एक भाजपा नेत्री से निवेश के नाम पर झारखंड के कारोबारी द्वारा करोड़ों की ठगी और ब्लैकमैलिंग कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। भाजपा नेत्री की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज करने के बाद बिलासपुर पुलिस ने रांची के कारोबारी संजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाली भाजपा नेत्री ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से व्यापारी है और सक्रिय राजनीति में है। आरोपी संजय सिंह पिता स्व शंभु सिंह निवासी आर्यपुरी रातू रोड रांची झारंखड से 2021-22 में फेसबुक के जरिए वह संपर्क में आईं और सामाजिक कार्यक्रम के दौरान मुलाकात हुई। संजय सिंह ने बताया था कि उसका कंस्ट्रक्शन का काम है और उसके परिचित ट्रांसपोर्ट और कोल व्यापार से जुड़े हैं। अगस्त 2024 में परसदा स्थित सेंट्रल पाइंट होटल में पहली बार मीटिंग हुई, जिसमें व्यापारिक बिन्दुओं पर बातचीत हुई। इस दौरान बीजेपी नेत्री ने व्यापार अनुबंध के लिए सहमति दे दी। संजय सिंह ने भरोसे में लेने के लिए दिसंबर 2024 में नेत्री के खाते में 15 लाख रुपए ट्रांसफर किए। जिसमें मेसर्स शंभू सिंह अकांउट से व्यापारिक सिक्योरिटी दिया गया। पीड़िता ने बताया कि उनका व्यापारिक अकांउट सिद्धि विनायक इंजीकॉन उस दौरान चालू नहीं था, प्रोसेस में था। 2025 जनवरी से दिसंबर 2025 तक 1 करोड़ 57 लाख रूपए पीड़िता ने 7 किश्तों में दिया। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के खाते में भी प्रॉफिट ट्रांसफर कर दिया।



आरोपी

### संजय का बदला व्यवहार पत्नी से कराई बात

जनवरी 2025 में पीड़िता की सिद्धि विनायक कंपनी बनने के बाद फरवरी 2025 में पीड़िता और मेसर्स शंभू सिंह का ज्वांइट वेंचर अकाउंट बनाया गया। पहली किश्त 23 फरवरी 2025 को पीड़िता ने 25 लाख रूपए दिए। जिसके बाद से संजय सिंह का व्यवहार बदलने लगा। इस दौरान संजय ने अपनी पत्नी से पीड़िता की बात कराई और दोनों के बीच व्यापारिक बातों के साथ ही पारिवारिक बातें भी होने लगीं।

### भोजपुरी के अश्लील वीडियो भेजने लगा

पारिवारिक बातचीत के बीच संजय सिंह ने पीड़िता के व्हाट्सएप पर भोजपुरी के अश्लील वीडियो भेजने शुरू कर दिए। जब पीड़िता ने आपत्ति जताई तब बोला तुम भी अब परिवार की हो, तो यह सब चलता है। इस बीच वह मिलने के लिए बिलासपुर आने लगा और यहां आसपास प्रॉपर्टी में निवेश की बात करता था।

### बिहार चुनाव के दौरान दी धमकी

पीड़िता ने बताया कि इसी बीच उन्हें विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए बिहार जाना पड़ा। जब संजय सिंह को पता चला तो वह फोन पर बदतमीजी करते हुए धमकी देने लगा। 11 दिसंबर 2025 को बिलासपुर से आसनसोल की ट्रेन टिकट थी। ट्रेन 7 से 9 घंटे लेट रही और 12 दिसंबर 2025 की सुबह आसनसोल पहुंची। जब संजय सिंह को देरी का पता चला तो वह होटल के कमरों की वीडियो भेजने लगा और रात भर फोन करता रहा।

### पत्नी ने भी बनाया दबाव, जॉइंट अकाउंट से उड़ाया एक करोड़

पीड़िता और संजय सिंह का कैनरा बैंक रांची में जॉइंट अकाउंट है जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी को नॉमिनी बना रखा है। उनकी पत्नी भी बीच-बीच में उन्हीं के नंबर से कहती थी कि काम तो करना पड़ेगा। मेरे कई बार कहने पर भी कोई नतीजा नहीं निकला। 9 अप्रैल 2026 को हमारे जॉइंट अकाउंट में 1 करोड़ रुपये आए और थोड़ी देर में ही पूरी रकम अकाउंट से निकाल ली गई।

### आरोपी गिरफ्तार

पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस की टीम रांची पहुंची, पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर सीधे बिल्हा थाना ले गई। जहां से उसे सीधे कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट के बाद उसे जेल वारंट काट कर जेल दाखिल कर दिया गया है।

### आरोपी का वीडियो हो रहा है वायरल

मामला सामने आने के बाद आरोपी का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी संजय सिंह कह रहा है कि पीड़िता बीजेपी नेत्री ने अपने रसूख का फायदा उठाकर उसके साथ 80 लाख रूपए की ठगी को अंजाम दिया है। यह रूपया बीजेपी नेत्री ने कोल माइंस दिलाने का झांसा देकर लिया है। आरोपी ने बताया कि जब उसे पता चला कि कोल माइंस उसे नहीं मिलने वाला है तो वह अपना रूपया मांगने लगा और रायपुर में मुलाकात हुई। उसने रूपए वापस देने के लिए आरोपी का अकाउंट नंबर मांगा। इस दौरान अकाउंट देने के बाद बीजेपी नेत्री ने मोबाइल नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। 21 मई को बिलासपुर पुलिस आरोपी के घर पहुंची। आरोपी ने विडियो में बताया कि बीजेपी नेत्री के वाट्सअप से उनके द्वारा किए गए कारनामे की परतें खुल सकती हैं।

### रायपुर में संजय को दिए 22 लाख रुपए

भाजपा नेत्री के अनुसार 15 सितंबर 2025 को उन्हें पुराना सोना देकर नया लेने के लिए रायपुर जाना था और संजय सिंह को भी पैसे लेने रायपुर आना था। संजय सिंह कल्याण ज्वेलर्स पंडरी रायपुर के पास मिले और उस दिन 22 लाख रुपये नकद देने के बाद मैंने कहा कि मेरा काम हो गया, अब मैं बिलासपुर के लिए निकलूंगी। इस पर उसने कहा वह भी बिलासपुर होते हुए रांची जाएगा, तो दोनों की गाड़ियां साथ-साथ निकलीं।

रायपुर से निकलने के बाद पहले हल्दीराम रेस्टोरेंट पड़ा, जहां संजय सिंह ने मेरी गाड़ी को रुकने का इशारा किया और चाय-नाश्ते का प्रस्ताव रखा। चाय नाश्ते के बाद वे उसकी कार में बैठ गईं। महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर के पास से ही चलती कार में बैठे-बैठे उसने अश्लील हरकत की, भाजपा नेत्री के अनुसार विरोध करने के बावजूद संजय सिंह ने कार के अंदर ही जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। रोने-चिल्लाने के बाद उसने ड्राइवर को बुलाया और मेन रोड पर ऑटो बुलाकर पता बताकर मुझे भेज दिया। इसके बाद भी उसके कॉल लगातार आते रहे। बातचीत में संजय सिंह समझाता रहा कि यह सब भूल जाओ, नहीं तो व्यापार से भी हाथ धोना पड़ेगा और राजनीतिक छवि भी खराब होगी।

---



अधिकारियों की बैठक लेतीं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव।

# करोड़ों के प्रोजेक्ट में देरी पर भड़कीं सचिव

**टेंडर प्रक्रिया में अनावश्यक देरी पर अल्टीमेटम**

- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव आर .संगीता ने किया बिलासपुर का दौरा
- राजस्व वसूली को प्राथमिकता में रखें, बकाया राशि को वसूलने दिसंबर तक डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की नवनियुक्त सचिव श्रीमती आर.संगीता अपने पहले दौरे में बिलासपुर पहुंची। इस दौरान सचिव श्रीमती आर.संगीता ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तीन घंटे तक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में नगर निगम के कार्यों कि समीक्षा की उसके बाद निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। बैठक के दौरान करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट पर उन्होंने नाराजगी जताई और टेंडर प्रक्रिया में देरी पर अल्टीमेटम दिया।

तारबाहर स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित समीक्षा बैठक में सचिव श्रीमती संगीता ने बिंदुवार योजना तथा विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सचिव श्रीमती आर.संगीता ने कहा कि राजस्व किसी भी निकाय की आधारशिला है,इसे प्राथमिकता में रखें और शत प्रतिशत वसूली करें। पिछले वित्तीय वर्ष के बकाया राशि 15 करोड़ की वसूली के लिए उन्होंने नगर निगम को दिसंबर 2026 तक डेडलाइन दी। उन्होंने कहा कि नियमित और प्लेसमेंट समेत सभी कर्मचारियों का वेतन किसी भी सूरत में माह के प्रथम सप्ताह में हो जाना चाहिए।

### विकास कार्यों की देरी पर सवाल

समीक्षा के दौरान सचिव श्रीमती आर.संगीता ने विकास कार्यों के लिए जारी किए जाने वाले टेंडर प्रक्रिया की देरी पर भी अधिकारियों से सवाल पूछें। सचिव ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया में अनावश्यक देरी ना हों और टेंडर जारी करने के बाद मियाद खत्म होते ही ठेका पाने वाले ठेकेदार से अनुबंध कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराएं ताकि प्रोजेक्ट में देरी ना हो।

### कछार प्लांट व पीएम आवास पहुंचीं

बैठक के बाद सचिव ने दोपहर 3.30 बजे से निगम के प्रोजेक्ट समेत शहर का दौरा शुरू किया जो 6.30 बजे तक चला। सबसे पहले सचिव श्रीमती संगीता स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पहुंची और वहां संचालित स्पोर्ट्स के विभिन्न एक्टिविटी को जायजा लिया। उसके बाद सचिव ने कोनी में निर्माणाधीन सिटी बस चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण कर एक माह के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कछार स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का भी अवलोकन किया।

### स्वच्छता दीदियों से संवाद

सचिव श्रीमती आर.संगीता मोपका गौठान स्थित एसआरएलएम सेंटर पहुंची,जहां उपस्थित स्वच्छता दीदीयों से सचिव श्रीमती संगीता ने संवाद किया। इस दौरान सचिव श्रीमती संगीता ने उपस्थित स्वच्छता दीदियों से कहा कि अस्वच्छता के खिलाफ इस जंग में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण हैं,गीला-सूखा कचरा अलग करें,शत प्रतिशत घरों से कचरा एकत्रित करें,लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें तथा सामूहिक एकता बनाएं रखें और अपने समूह का विकास करें। संवाद के दौरान समूह की महिलाओं ने खुद से तैयार किए गए उत्पाद सचिव श्रीमती आर संगीता को भेंट किया।


# करोड़ों के प्रोजेक्ट में देरी पर भड़कीं सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की नवनियुक्त सचिव श्रीमती आर.संगीता अपने पहले दौरे में बिलासपुर पहुंची। इस दौरान सचिव श्रीमती आर.संगीता ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तीन घंटे तक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में नगर निगम के कार्यों कि समीक्षा की उसके बाद निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। बैठक के दौरान करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट पर उन्होंने नाराजगी जताई और टेंडर प्रक्रिया में देरी पर अल्टीमेटम दिया।

तारबाहर स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित समीक्षा बैठक में सचिव श्रीमती संगीता ने बिंदुवार योजना तथा विकास कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में सचिव श्रीमती आर.संगीता ने कहा कि राजस्व किसी भी निकाय की आधारशिला है,इसे प्राथमिकता में रखें और शत प्रतिशत वसूली करें। पिछले वित्तीय वर्ष के बकाया राशि 15 करोड़ की वसूली के लिए उन्होंने नगर निगम को दिसंबर 2026 तक डेडलाइन दी। उन्होंने कहा कि नियमित और प्लेसमेंट समेत सभी कर्मचारियों का वेतन किसी भी सूरत में माह के प्रथम सप्ताह में हो जाना चाहिए।


# आरोपी की तलाश में झारखंड गई जीआरपी को मिला घर में ताला

**बिलासपुर।** ट्रेन में यात्रियों के लाखों के जेवरात चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने के बाद अन्य आरोपी की तलाश करने के लिए जीआरपी बिलासपुर की टीम मिहिजाम झारखंड गई थी, जहां आरोपी के घर के अंदर महिलाएं थीं, लेकिन बाहर से ताला लगा हुआ था।

जीआरपी को ताला खुलवाने के लिए स्थानीय पुलिस का सहयोग लेना पड़ा। तलाशी लेने के बाद आरोपी जीआरपी के हाथ नहीं लगा सका, जिसके उपरांत परिजन को नोटिस थमाकर टीम वापस बिलासपुर आ गई। जीआरपी के अनुसार लाखों रुपए के जेवरात की चोरी की शिकायत के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (सी) के मामला कायम कर आरपीएफ प्रभारी एवं टास्क टीम की ओर से स्टेशनों के सीसी टीवी की जांच शुरू की गई। इसमें कुछ संदिग्ध महिला व पुरुष की पहचान कर साइबर सेल के सहयोग से डंप डाटा लिया गया। आरपीएफ व शासकीय रेल पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर बिलासपुर प्लेटफार्म नंबर 4-5 के हावड़ा छोर पर एक समूह को संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने जेवरात को झारखंड के मिहिजाम निवासी के पास बेचे जाने की जानकारी दी, जिसके बाद जीआरपी की टीम खरीददार आरोपी की खोजबीन के लिए मिहिजाम पहुंची लेकिन वहां टीम को अलग नजारा देखने को मिला।

### राजसात की कार्रवाई

आरोपी खरीददार की खोजबीन करने के लिए जीआरपी की टीम मिहिजाम पहुंची थी, जहां ताला खोलने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ गया। स्थानीय पुलिस के सहयोग से ताला खोलने के बाद घर के अंदर आरोपी की तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला। घर में नोटिस दिया गया है अगर जल्द आरोपी सरेंडर नहीं करता है तो राजसात की कार्रवाई की जाएगी।

**-विश्वनाथ चक्रवर्ती**, प्रभारी, जीआरपी बिलासपुर

---

**15 जून से पहले देनी होगी रिपोर्ट, तहसीलदारों को निर्देश जारी**

# बिलासपुर अनुभाग में लंबित हैं सीमांकन के 495 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में मानसून के आगमन की तिथि 16 जून है, इस तिथि के आने में बमुश्किल 25 दिन ही शेष हैं। इसके बाद बारिश प्रारंभ होते ही जमीन के सीमांकन पर रोक लग जाएगी। सीमांकन के प्रकरणों की पेंडेंसी की बात की जाए तो अकेले बिलासपुर अनुभाग में ही 495 प्रकरण लंबित हैं, जिन्हें पंद्रह जून तक निराकृत करने एवं सीमांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है।

बिलासपुर अनुभाग के 495 जमीन मालिक अपनी जमीन के सीमांकन के लिए राजस्व विभाग की राह देख रहे हैं। जमीन मालिकों में सामने बारिश का मौसम आने और सीमांकन के लिए चार महीने का ब्रेक लगने का भी भय है।

बीते दिनों समीक्षा के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा भी सभी एसडीएम के माध्यम से लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे। राजस्व विभाग के जमीनी स्तर के कर्मचारियों के अनुसार पेंडेंसी का मुख्य कारण हाल में लगातार होने वाले अन्य कार्य हैं, जिनमें एसआईआर, जनगणना एवं अभी सुशासन तिहार में संलग्न होने के कारण विभाग के कार्यों विशेषकर ऐसे कार्य जिसमें फील्ड में उपस्थिति देनी हो प्रभावित हुए हैं।

### ऑनलाइन डायवर्सन नामांतरण ने घटाया बोझ

प्रदेश में डायवर्सन एवं नामांतरण की प्रक्रिया अब ऑनलाईन तरीके से होने के बाद राजस्व प्रकरणों में पेंडेंसी काफी कम हुई है। नामांतरण तो अब जमीन की खरीदी करने के दिन रजिस्ट्री ऑफिस में ही हो जाती है, जिससे प्रकरण राजस्व विभाग तक नहीं पहुंच पाता। इसी तरह डायवर्सन भी अब पंद्रह दिनों के भीतर ऑनलाईन ही हो जाने कारण इसकी पेंडेंसी भी काफी कम है। चूंकि सीमांकन एक मैनुअली प्रक्रिया है, जिसके लिए अमले को फील्ड में ही जाना पड़ता है, जिससे इसका ऑनलाईन हो पाना संभव नहीं है। ऐसे में ज्यादातर सीमांकन के प्रकरणों में ही पेंडेंसी दिखाई पड़ रही है।

### विवादित प्रकरणों ने बढ़ाई पेंडेंसी

सीमांकन के लिए लंबित ज्यादातर आवेदनों में कुछ ना कुछ विवाद है। यही कारण है कि सीमांकन का प्रकरण लंबित ही है। राजस्व विभाग के अनुसार सीमांकन के लिए प्रस्तुत आवेदन में आवेदक का न केवल कब्जा होना आवश्यक है, बल्कि उन्हें अपनी चौहद्दी भी बतानी होगी। कई बार एक ही जमीन कई बार बिक जाने के कारण जमीन मालिक अपनी ही जमीन की चौहद्दी बताने में असमर्थ होते हैं। ऐसे में राजस्व अमला भी असमंजस की स्थिति में होता है और प्रकरण लंबित ही रह जाता है।



### रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया

बिलासपुर अनुभाग में सीमांकन के लगभग 495 प्रकरण लंबित हैं। चूंकि अब बारिश को अधिक समय शेष नहीं है, जिससे सारे तहसीलदारों को 15 जून तक सीमांकन संपन्न कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

**- मनीष कुमार साहू**, एसडीएम बिलासपुर

---

# चाकूबाजी का मुख्य आरोपी फरार हवा में हाथ पैर मार रही पुलिस

- पीड़ित पहुंचे आईजी व सीएसपी कार्यालय

**बिलासपुर।** डीएसपी के भाई के साथ सिरगिट्टी क्षेत्र में हुई चाकूबाजी की घटना के बाद से पुलिस पर लापरवाही के आरोप लग रहे है। पीड़ित परिजन का कहना है कि प्रेमी ने दोस्तों के साथ मिलकर हमले को अंजाम दिया है। घटना के बाद से फरार मुख्य आरोपी व उसके कुछ साथियों को पुलिस नहीं ढूंढ पाई है। जबकि विवेचक घायल के घर में पड़े साक्ष्य तक एकत्रित नहीं कर रहा है। मामले में हत्या के प्रयास का धारा तक नहीं जोड़ गया है, पुलिस की ढिलाई को लेकर घायल व उसके परिजनों ने पुलिस पर आरोपी को बचाने का आरोप लगाया है।

शुक्रवार को सरस्वती स्टील का मालिका घायल पशुपतिनाथ मिश्रा, एडवोकेट बेटी व अन्य परिजनों के साथ आईजी रामगोपाल गर्ग से पूरे मामले की लिखित शिकायत की। इसके बाद सभी सीएसपी कार्यालय पहुंचे। यहां सीएसपी निमितेश सिंह से उन्होंने सिरगिट्टी पुलिस पर जानबूझकर मामले को अनदेखा करने का आरोप लगाया। पशुपतिनाथ ने बताया कि हत्या की नियत से घनश्याम धनकर, पीयूष रजक व अन्य युवक उसके घर आए थे। उनके साथ उनका कर्मचारी राम भी था, उसी ने उन्हें चाचा कहकर दरवाजा खुलवाया। इसके बाद घनश्याम, पीयूष व उसके साथियों ने पहले गले पर वार किया। चूकने पर पेट पर वार किया तब उसने अपना पैर आगे कर दिया। इससे चाकू जांघ में घुस गया। परिजनों के आने के बाद किसी तरह आरोपी को खदेड़ा गया। इसके बाद भी पुलिस राम से मामूली पूछताछ कर छोड़ दिया है। घायल का इलाज करने वाले डॉक्टर ने रिपोर्ट में लिखा है कि पशुपतिनाथ मिश्रा के जांघ में 3 इचं गहरा जख्म है।

## खबर संक्षेप

### दो महीने बाद चालू हुआ सोलर पंप, परसापारा के ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत



**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत केवरा परसापारा में पिछले दो महीनों से बंद पड़े सोलर पेयजल पंप को आखिरकार सुधार दिया गया है। लंबे समय से पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिली है। सोलर पंप में नया मोटर लगते ही गांव में फिर से पानी की आपूर्ति शुरू हो गई, जिससे ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बताया जा रहा है कि सोलर पंप का मोटर खराब होने के कारण ग्रामीणों को बीते दो महीनों से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दूर-दराज के जल स्त्रोतों से पानी लाना पड़ता था, वहीं कई परिवार मजबूरी में तालाब एवं असुरक्षित स्त्रोतों के पानी का उपयोग कर रहे थे, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया था। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही थी। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग हरकत में आया और सोलर पंप में नया मोटर लगाकर पेयजल व्यवस्था बहाल कर दी गई। समस्या के समाधान के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने प्रशासन से यह भी मांग की है कि भविष्य में ऐसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को महीनों इंतजार न करना पड़े और शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के थानों में पहुंचा 112 वाहन

**अम्बिकापुर।** सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के थानों में नए 112 वाहन पहुंचने से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है, जहां शासन द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ के सभी थानों में 112 वाहन उपलब्ध कराया है जिससे अब लोगों के 112 वाहन से तत्काल सहायता प्राप्त होगी। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से थानों में 112 वाहन की सेवा से लोगों को जूझना पड़ रहा था। 112 वाहन के कड़ंम होने पर लोग प्राइवेट वाहन का सहारा ले रहे थे। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में जीवनदायिनी के नाम से मशहूर 112 वाहन के नए वाहन उपलब्ध होने से लोगों में खुशी है। गौरतलब है कि संजीवनी 108 की सेवा जहां लोगों को नहीं मिल पाती तो वहां डायल 112 की वाहन तत्काल पहुंच कर लोगों को सहायता देते है। साथ ही क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था भी दुरुस्त रहती है। डायल 112 वाहन दुर्गम क्षेत्रों में भी अपनी सेवा प्रदान के लिए जाना जाता है वहीं सड़क दुर्घटना में घायलों को भी तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल पहुंचा सेवा प्रदान कर रहे है।

### कुंवरपुर में जमीन के दौरान महिलाओं ने पत्थर से वार कर ग्रामीण को किया घायल

**लखनपुर।** ग्राम कुंवरपुर में शुक्रवार की दोपहर लगभग 3.30 बजे जमीन नाप जोक के दौरान महिलाओं ने पत्थर से एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। अचानक हमला करने से ग्रामीण के सिर में चोट लगने घायल हो गया। विनोद नामक व्यक्ति द्वारा जमीन सीमांकन हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन दिया गया था। पटवारी के निर्देश पर जमीन के अगल-बगल संबंधित ग्रामीण भी जुटे। इसी दौरान जमीन नापने को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि महिलाओं ने ईट और पत्थर से हमला कर दिया जिससे आलम साय के सिर में चोट लगने से घायल हो गया। इधर घटना सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के बाद घायल ग्रामीण ने थाने पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296(बी), 351(3), 115(2), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## निधन

### पुष्पा बाई दीवान



**कोरबा।** कोहड़िया निवासी पुष्पा बाई दीवान, पति रूप दास दीवान उम्र 70 वर्ष का शुक्रवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी, उनका उपचार शहर के निजी अस्पताल मे इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार कोहड़िया स्थित मुक्तिधाम मे किया गया।

## कोरबा मार्केट




डोकरमाना से चिरईझुंझ सड़क निर्माण बना जांच का विषय

# पीएम जनमन सड़क पर उठे सवाल एक माह में ही उखड़ने लगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बनाई गई सड़क अब गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। कोरबा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत डोकरमाना से पहाड़ी कोरवा बस्ती चिरईझुंझ तक लगभग 4.62 किलोमीटर लंबी सड़क, जो करीब 243.21 लाख रुपए की लागत से बनाई गई है, निर्माण के कुछ ही समय बाद जगह-जगह से उखड़ने लगी है। सड़क की हालत देखकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है।





एक माह पूर्व बनी पीएम जन मन सड़क की परत निकालता ग्रामीण।

स्थल पर लगे शासकीय बोर्ड के अनुसार यह सड़क प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत बनाई गई है। बोर्ड में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि 243.21 लाख रुपए है तथा निर्माण कार्य पूर्णता तिथि 2 सितंबर 2025 दर्ज है। वहीं पांच वर्षों के संधारण कार्य के लिए 21.81 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि भी निर्धारित की गई है। इसके बावजूद सड़क का एक माह के भीतर उखड़ना निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने के बाद लोगों में खुशी थी कि अब पहाड़ी कोरवा बस्ती तक बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी, लेकिन सड़क की परत उखड़ने और किनारों के टूटने से लोगों की उम्मीदों को झटका लगा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की गई और जल्दबाजी में सड़क बनाकर औपचारिकता पूरी कर दी गई। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब सड़क निर्माण के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए गए तो आखिर गुणवत्ता नियंत्रण कहां था? क्या सड़क की मोटाई, डामर की मात्रा और बेस लेयर की तकनीकी जांच हुई थी? यदि जांच हुई थी तो सड़क इतनी जल्दी खराब कैसे हो गई?

### इंजीनियरों और विभागीय निगरानी पर उठे सवाल

सड़क निर्माण कार्य में विभागीय इंजीनियर, उप अभियंता, एसडीओ एवं गुणवत्ता नियंत्रण टीम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। निर्माण के दौरान सड़क की लंबाई, चौड़ाई, मोटाई, गिट्टी की परत, डामर मिश्रण और रोलर कम्पेक्शन की तकनीकी जांच की जाती है। सड़क निर्माण में कोर कट मशीन और अन्य माप उपकरणों से सड़क की मोटाई एवं गुणवत्ता की जांच भी की जाती है। इसके बाद ही निर्माण कार्य पूर्ण मानकर भुगतान किया जाता है। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि यदि सारी तकनीकी प्रक्रिया पूरी की गई थी तो सड़क एक माह में उखड़ क्यों रही है? क्या अधिकारियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया था या केवल कागजों में गुणवत्ता परीक्षण पूरा दिखा दिया गया? ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने तथा जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## व्यक्तित्व व राष्ट्र निर्माण एवं नवयुग के निर्माण एक सार्थक प्रयास : जुड़ावन



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गायत्री परिवार द्वारा युवा जागृति अभियान के अन्तर्गत चलाये जा रहे व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का भी लक्ष्य शालीन, स्वस्थ, सेवाभावी तथा स्वावलम्बी युवा निर्माण करना है ताकि महान राष्ट्र का निर्माण हो सके। उक्त बातें विद्या भारती मध्य क्षेत्र के उपाध्यक्ष जुड़ावन सिंह ने गायत्री शक्ति पीठ में आयोजित आवासीय छः दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर के आयोजन के अंतिम दिवस के प्रशिक्षण के पश्चात समापन समारोह के दौरान कही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र देवांगन, पार्षद वार्ड नंबर 18 कोहडिया के द्वारा किया गया। प्रशिक्षक नन्द लाल पटेल ने बताया कि इस शिविर में कुल 180 युवक/युवतियों ने भाग लिया। जिनको व्यक्तित्व निर्माण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। शिविर में कमलेश मिश्रा, पुरुषोत्तम पटेल, व्हीके यादव, टेकराम यादव, विजयेन्द्र यादव, जेके शांडिल्य, एनपी कौशिक, चण्डी यादव, लालाराम साहू, विजय राठौर, संतोष बरेठ, जीतेन्द्र केंवट, गोवर्धन जयसवाल, श्रीमती कल्याणी सिंह, श्रीमती लक्ष्मी कौशिक, श्रीमती निर्मला पटेल, श्रीमती गायत्री कौशिक उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत ढोंगदरहा में समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरबा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ढोंगदरहा के शाला भवन परिसर में समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ढोंगदरहा, भैंसमा, सकदुकला, चीतापाली, करमंदी, बगबुडा, चाकामर, करूमौहा, कुरुडीह, गोढ़ी, बेंदरकोना एवं पंडरीपानी सहित कुल 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



शिविर में उपस्थित हितग्राही।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य किशन कोशले, ग्राम पंचायत ढोंगदरहा की सरपंच श्रीमती अमिला बाई कंवर, विभिन्न पंचायतों के सरपंच, पंचगण, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा खगेश निर्मलकर ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार 2026 की अवधारणा संवाद से समाधान तक पर प्रकाश डालते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी ग्रामीणों को दी। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी विभागीय योजनाओं एवं हितग्राही मूलक कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान कर ग्रामीणों को जागरूक किया। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा त्वरित निराकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, पेंशन स्वीकृति, ऋण पुस्तिका, बिहान समूह की महिलाओं को लखपति दीदी सम्मान पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवदम्पति नई पहल किट, कृषि विभाग द्वारा पेट्रोल चलित पावर स्प्रेयर एवं किसान क्रेडिट कार्ड, तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को नव निर्मित आवास की चाबी एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए।

### कोल लेवी घोटाला में शहर के एक व्यवसायी हो लिया गया हिरासत में

**कोरबा।** दो साल पूर्व कोल लेवी घोटाले के मामले में गुरुवार को रामपुर साइबर सेल पुलिस की टीम ने शहर के कांग्रेस नेता और ठेका व्यवसायी युगल शर्मा (45 वर्ष) को हिरासत में ले लिया था। जिसके बाद उसे रायपुर स्थित एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के कार्यालय ले गई है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि युगल शर्मा के खिलाफ समन जारी किया गया था। सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी निवासी युगल शर्मा ठेका व्यवसायी है जो गुरुवार को अपने अन्य साथी के साथ सुबह टीपी नगर में मॉर्निंग वॉक के बाद वापस अपने घर लौट रहा था कि इसी दौरान होटल विश्राम रीजेंसी के सामने सायबर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युगल को अपने साथ सायबर थाना ले गई। सूत्र बताते हैं कि कोयला लेवी घोटाले के मामले में युगल शर्मा को हिरासत में लिया गया है और एसीबी कार्यालय ले जाया गया है। हालांकि इस संबंध में कोई भी अधिकृत जानकारी सामने नहीं आयी है। हालांकि युगल शर्मा ने इस पूरे प्रकरण में उसका कोई भी नाता नहीं होने की बात कही है।

### उद्यमिता विकास प्रशिक्षण हेतु 12 आवेदकों का चयन

**कोरबा।** रायपुर में आयोजित होने वाले उद्यमिता विकास संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 23 अप्रैल 2026 तक इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं सारणीकरण किया गया, जिसके आधार पर कुल 12 आवेदकों का चयन किया गया है।

## जनता जनार्दन की समस्याओं का त्वरित निराकरण जनप्रतिनिधियों का प्रथम लक्ष्य : संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनता जनार्दन की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराना, उनकी शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करना, उनके सुख-दुख में साथ खडे. रहना, हम जनप्रतिनिधियों का प्रथम लक्ष्य है तथा आयोजित किये जा रहे सुशासन तिहार शिविर इस लक्ष्य को पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के

**खास बात**

- निगम के दर्री जोन कार्यालय में आयोजित हुआ निगम का छठवां सुशासन तिहार

मार्गदर्शन में प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किये जा रहे सुशासन तिहार शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याएं शीघ्रता से दूर हो रही हैं, लोगों को अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा है, उनकी दिक्कतें समाप्त हो रही हैं।



शिविर के दौरान उपस्थित महापौर, आयुक्त एवं अन्य।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के दर्री जोन कार्यालय में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में उपस्थित नागरिकों के संबोधित करते हुये कहीं। शुक्रवार को दर्री जोन कार्यालय परिसर में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने शिविर में उपस्थिति प्रदान करते हुये पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ शिविर में लगाये गये, जिले के विभिन्न विभागों व निगम के विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, राधा महंत, फिरतराम साहू, सरोज शांडिल्य, अजय कुमार चन्द्रा, कल्याणीबाई कंवर, अयोध्याबाई कंवर, जनकसिंह राजपूत, विनम्र कुमार तिवारी, सम्मत कुंवर कंवर, सीता पटेल, मुकुंद सिंह कंवर, किशनलाल केंवट, मनोज लहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। शिविर को संबोधित करते हुये महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि मैं इस शिविर के माध्यम से बताना चाहूंगी कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में दर्री जोन के वार्डो के साथ-साथ निगम के सभी 67 वार्डो में व्यापक रूप से विकास कार्य करायें जा रहे हैं, उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन के प्रयास से प्रदेश के साथ-साथ कोरबा के नागरिकों को भी उनके मकानों व जमीन का पट्टा प्राप्त होने की कार्यवाही तुरंत होने जा रही है, जिसके लिये मैं आप सबको बधाई देती हूं। शिविर को आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद श्रीमती राधा महंत ने भी संबोधित किया।

## दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का समापन उत्साह, अनुशासन एवं वैचारिक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली, कार्यकर्ता निर्माण, राष्ट्रवाद एवं जनसेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वरिष्ठ नेताओं एवं वक्ताओं ने मार्गदर्शन दिया। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता अनिल केसरवानी ने प्रशिक्षण वर्ग का महत्व एवं विचार परिवार विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की वैचारिक मजबूती पर प्रकाश डाला।

सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने की। अगले सत्र में कार्यकर्ता विकास, गुण, आचरण एवं दायित्व विषय पर भूपेंद्र सवन्नी ने कार्यकर्ताओं को संगठन में अनुशासन, समर्पण एवं सेवा भाव का संदेश दिया। देश के समक्ष चुनौतियां विषय पर आयोजित सत्र में मुख्य वक्ता रामकुमार भट्ट ने वर्तमान सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिस्थितियों पर अपने विचार रखें, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहर विषय पर अभिषेक शुक्ला ने प्रदेश की गौरवशाली परंपराओं एवं सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखने का संदेश दिया। इसके पश्चात हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान एकात्म मानववाद एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद विषय पर प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. अवधेश जैन ने विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने संगठन की कार्यशैली, अनुशासन एवं जनसंपर्क अभियान की रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मीडिया प्रबंधन एवं संवाद विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में सुशांत शुक्ला रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदयाल उईके के ने की बुथ प्रबंधन पर सुनील पिल्लई मुख्य वक्ता के रूप में रहे वह अध्यक्षता ज्योति वर्मा ने की। भारतीय जनता पार्टी का इतिहास एवं विकास विषय पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता के रूप में नंदन जैन एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल मोदी ने की। पूरे दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता निर्माण, राष्ट्रहित एवं आगामी जनसंपर्क अभियानों को लेकर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से जनसेवा, संगठन विस्तार एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस मौके पर श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर संजूदेवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## AFFIDAVIT

I Rajendra Prasad s/o Shri Heera Prasad Gupta, resident of house No. 830 Ward No. 35 Ayodhyapuri Jamnipali Korba Chhattisgarh Pin 495450, do hereby declare that I have changed my name from Rajendra Prasad to Rajendra Prasad Gupta and henceforth I shall be known as Rajendra Prasad Gupta in all purpose, vide affidavit no 08 sworn before the Notary Public at Korba on 21.05.2026 Rajendra Prasad Gupta and Rajendra Prasad both are same and one identical person.

DEPONENT
RAJENDRA PRASAD GUPTA

**न्यायालय : प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार/नोटिस**

प्रोसे नंबर 1505/2026
व्य.वा.क्र. 19ए/2021
पेशी तारीख 18.06.2026

श्रीमती रेशम बाई वगैरह वादिनीगण
बनाम
बसंत कुमार डहरिया वगैरह ..प्रतिवादीगण

उपरोक्त बसंत कुमार डहरिया वगैरह के विरूद्ध दावा वास्ते घोषणा बाबत कीमती 600/- रू. एवं स्थायी निषेधाज्ञा बाबत कीमती 600/-रू. एवं विभाजन बाबत कीमती 300/- रू. जुमला दावा का मूल्यांकन 1500/-रू. का माननीय न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के समक्ष व्यवहार वाद पेश किया गया है। उक्त प्रकरण में आगामी पेशी तिथि 18.06.2026 की तिथि नियत है। अतः प्रतिवादी/अनावेदक क्र. 01 बसंत कुमार डहरिया उम्र लगभग 55 वर्ष पिता स्व. हीरा लाल, जाति सतनामी, निवासी ग्राम बरबसपुर, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के उपस्थिति हेतु नियत किया गया है जो प्रकरण की कार्यवाही में आज दिनांक तक उपस्थित नहीं हुए है जिनके विरूद्ध पूर्व में साधारण व रजिस्टर्ड नोटिस भी जारी किया गया है जो प्रतिवादी क्र. 01 को तामिल नहीं हुआ है तथा वह प्रकरण की कार्यवाही में उपस्थित नहीं हो रहा है। इसलिए प्रतिवादी क्र. 01 को सुनवाई दिनांक 18.06.2026 के 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई प्रतिवादी क्र. 01 के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जावेगी। नोटः- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 08.05.26 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(कुमुदनी गर्ग)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)



## खबर संक्षेप

### बांधाखार की सरपंच प्रिंसी राष्ट्रीय सम्मान के लिए हुई चयनित



**कोरबा।** जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत बांधाखार की सरपंच सुश्री प्रिंसी तानू सिंह मरावी का चयन राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह के लिए किया गया है। यह प्रतिष्ठित समारोह 3 जून को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। छत्तीसगढ़ पंचायत संचालनालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक प्रदेश के 8 जिलों से 16 जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को इस राष्ट्रीय समारोह के लिए नामांकित किया गया है। खास बात यह है कि कोरबा जिले से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में सरपंच प्रिंसी मरावी को चुना गया है।बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत बांधाखार ने स्वच्छता, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। पंचायत द्वारा किए गए नवाचार और विकास मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। इस अवसर पर सरपंच प्रिंसी मरावी ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे बांधाखार ग्रामवासियों की मेहनत और सहभागिता का परिणाम है। दिल्ली में छत्तीसगढ़ और कोरबा का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात है। 3 जून को नई दिल्ली में सम्मान समारोह होगा। भारत मंडपम में राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित होगा। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ से 16 प्रतिनिधियों का चयन हुआ हैं, जिसमे कोरबा जिले से अकेली प्रिंसी मरावी प्रतिनिधि बनीं।

### झेरिया यादव समाज के प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान समारोह कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के तत्वावधान में 24 मई को कोरबा में प्रदेश पदाधिकारियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रदेशभर के पदाधिकारियों और प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया है। यह वृहद् आयोजन राधाकृष्ण मंदिर यादव भवन, शारदा विहार मुड़ापार, 24 मई को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। महापौर संजू देवी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव करेंगे। राज्य स्तरीय समारोह में समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच साझा करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में झेरिया यादव समाज के उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, सचिव सुंदर लाल यादव, अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ राजू यादव, संयुक्त सचिव मनोज यादव, कोषाध्यक्ष जी.आर. यादव, कार्यकारिणी सदस्य आर.डी. यादव एवं रंजीत यादवप्रदेश संगठन मंत्री चन्द्रराम यादव, जिलाध्यक्ष रायगढ़ पंचराम यादव, जिलाध्यक्ष सक्ती दिवाकर यादव, शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज रायपुर, कोरबा के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करना और नवनियुक्त व वरिष्ठ पदाधिकारियों का अभिनंदन करना है।

### पाली के ग्राम पंचायत धौराभांठा में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजनो की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत धौराभांठा में जनसमस्या निवारण शिविर का पाली–तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी एवं विभागीय योजनाओं से लाभ प्रदान किया गया। जिसमें जनपद पंचायत पाली अंतर्गत 2 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 3 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश, 1 दिव्यांग हितग्राही को श्रवण यंत्र एवं 1 हितग्राही को वाकिंग स्टीक प्रदान किया गया। इसी प्रकार कृषि विभाग की शाकाम्भरी योजना के अंतर्गत ग्राम धौराभांठा के किसान पंच राम को 3 एचपी के पेट्रोल पंप एवं 5 हितग्राहियों को ढेंचा बीज खाद वितरित किए गए। राजस्व विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को डिजिटल किसान किताब और 2 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 बच्चों का अन्न प्राशन कराया गया। शिविर में विभिन्न विभाग अंतर्गत मांग व शिकायत से सम्बंधित कुल 986 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 146 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेंदनो का परीक्षण कर शीघ्रता से निराकरण किया जाएगा। इस शिविर में क्लस्टर अंतर्गत शामिल सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

### आमजन की शिकायतों का सीएम हेल्पलाइन से होगा समयबद्ध समाधान

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रदेश के नागरिकों को शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं तक सरल पहुंच और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली प्रारंभ की जा रही है। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अंतर्गत संचालित इस प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने, शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत, सुलभ और विश्वसनीय माध्यम उपलब्ध कराना है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में सुशासन एवं अभिसरण विभाग से अनुराग दीवान, अंशुल वर्मा, चंदन, अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल व ओंकार यादव तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरोपियों के धरपकड़ में आएगी तेजी, आज होगा विधिवत शुभारंभ

# अब वारदात के तुरंत बाद मौके पर ही होगी सैंपल की जांच, मिली अत्याधुनिक सीन ऑफ क्राइम वैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस की अपराध अनुसंधान प्रणाली को और अधिक सशक्त, हाईटेक और त्वरित बनाने की दिशा में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। हत्या, लूट, डकैती और अन्य संगीन अपराधों की गुत्थी सुलझाने के लिए अब कोरबा पुलिस को फॉरेंसिक लैब की लंबी रिपोर्ट का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जिला पुलिस के बेड़े में एक अत्याधुनिक सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट (फोरेंसिक वैन) शामिल कियाग या है। जिसका विधिवत शुभारंभ शनिवार को किया जाएगा। जिसके शामिल होते ही मौके पर ही वैज्ञानिक साक्ष्यों की जांच कर त्वरित



सीन ऑफ क्राइम वैन।

नतीजे हासिल किए जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि हत्या, डकैती सहित अन्य वारदात होने पर फॉरेसिंक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंचती है और मौके पर सेंपल लेकर बिलासपुर हायर सेंटर भेजती थी लेकिन अब सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट को अलग से मोबाईल वाहन उपलब्ध कराया गया है जिसका विधिवत शुभारंभ शनिवार को किया जाएगा। मोबाइल वेन के आ जाने से अब कहीं भी हत्या सहित अन्य संज्ञीन वारदात होने पर सीन ऑफ क्राइम यूनिट के अधिकारी फॉरेंसिक वेन मौके पर लेकर पहुंचेंगे और मोबाइल वैन में एक चलता-फिरता अत्याधुनिक लैब सेटअप है। इसके जरिए खून के धब्बे, उंगलियों के निशान (फिंगरप्रिंट्स), विस्फोटक, नशीले पदार्थ और अन्य महत्वपूर्ण जैविक व रासायनिक साक्ष्यों की प्रारंभिक जांच मौके पर ही कुछ ही मिनटों में कर ली जाएगी और प्रायमरी रिपोर्ट तत्काल सामने आ जाएगी। जिससे पुलिसिया जांच में तेजी आएगी। हालांकि अंतिम रिपोर्ट बिलासपुर के लैब टेस्ट में ही भेजा जाएगा। अक्सर देखा जाता है कि गंभीर अपराधों के मामलों में फॉरेंसिक रिपोर्ट आने में हफ्तों या महीनों का समय लग जाता था, जिससे जांच की गति धीमी हो जाती थी लेकिन अब इस अत्याधुनिक मोबाइल लैब के आने से पूरी तस्वीर बदल जाएगी प्राथमिक जांच रिपोर्ट तत्काल मिल जाएगी और आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को आसानी भी होगी।

## चारपारा कोहड़िया के संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी

**कोरबा।** भूविस्थापित श्रमिक सहकारी समिति चारपारा कोहड़यिा के संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। रिटर्निंग अधिकारी दीपक सिंह कंवर द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 29 मई को सुबह 11 बजे से अपरांह 3 बजे तक समिति कार्यालय में लिया जायेगा। विशेष साधारण सम्मिलन में मतदान 4 जून को सुबह 11 बजे से अपरांह 3 बजे तक सोसायटी कार्यालय में कराया जायेगा। मतदान समाप्ति के एक घंटे के बाद समिति कार्यालय में मतगणना की जायेगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधियों के निर्वाचन की प्रक्रिया 9 जून को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक समिति कार्यालय में संपन्न होगी। निर्वाचन कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए समिति के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# शिक्षा के अधिकार की रक्षा की मांग को लेकर युवा कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन



विरोध प्रदर्शन करते युकांई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युवा कांग्रेस कोरबा (शहर) ने 21 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर गरीब और मजदूर वर्ग के बच्चों के शिक्षा के अधिकार की रक्षा की मांग की है। जिलाध्यक्ष राकेश पंकज के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के खुलेआम उल्लंघन का मुद्दा उठाया गया।

कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन भी किया। युवा कांग्रेस ने अपने पत्र में बताया कि आरटीई 2009 के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटें वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। इसका उद्देश्य उन्हें बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है।

जिले के अधिकांश निजी स्कूल नर्सरी, प्रेप, केजी-1 और केजी-2 कक्षाओं में आरटीई के तहत प्रवेश देने से इनकार कर रहे हैं, जिससे छोटे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। ज्ञापन में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों से संबंधित एक और महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया। युवा कांग्रेस ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने यह योजना गरीब और असहाय परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की थी। लेकिन वर्तमान में इन स्कूलों में अनिवार्य शुल्क लागू कर दिया गया है, जिससे गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। युवा कांग्रेस की प्रमुख मांगें हैं कि सभी निजी विद्यालयों में नर्सरी से केजी-2 तक आरटीई के 25 प्रतिशत आरक्षण को तुरंत लागू कर प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में लगाया गया अनिवार्य शुल्क तत्काल हटाकर शिक्षा को पूर्णतः निःशुल्क किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मधुसूदन दास, अजीत बर्मन, विपिन श्रीवास उपस्थित थे।




# विवाहिता की संदिग्ध मौत, परिवार वालों ने लगाया आरोप, शव निकालकर कराया गया पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक विवाहिता की तबीयत बिगड़ने पर उसके पति द्वारा उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने रिफर कर दिया

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम भलपहरी का मामला

था पति द्वारा उपचार के लिए रायपुर ले जाया जा रहा था कि कुछ रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद उसका कफन दफन कर दिया गया था लेकिन मायके पक्ष वालों ने आरोप लगाया जिसके बाद शुक्रवार को उसके शव का उत्खनन कराया गया और पीएम की कार्यवाही की गई।

मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम भालपहरी की है। बताया जाता है कि ग्राम गिधौरी निवासी विनीता पाटले उम्र 27 साल का विवाह 8 साल पूर्व ग्राम भलपहरी निवासी मुकेश पाटले से हुआ था। शादी के बाद उनके दो बच्चे भी हैं। बताया जाता है


कब्र खोदकर शव निकालते हुए।

कि शादी के बाद दोनों में अक्सर वाद-विवाद कि स्थिति निर्मित हुआ भी करती थी। बताया जाता है कि 17 मई के पहले विनीता अपने मायके गई थी जिसके बाद मुकेश अपने ससुराल गया और विनीता को अपने साथ ले आया था। जिसके उपरांत इस बीच विनीता की तबीयत बिगड़ी और विनीता को उपचार के लिए मुकेश पाटले द्वारा उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान मुकेश ने अपने ससुराल वालों को भी इसकी सूचना दी थी। मेडिकल हॉस्पिटल में विनीता की तबीयत बिगड़ने पर उसे रायपुर रेफर कर दिया गया था। मुकेश के द्वारा उसे रायपुर ले जाया जा रहा था कि इसी दौरान 19 मई को उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद ग्राम भलपहरी में विनीता का कफन दफन कर दिया गया था। बताया जाता है कि इसके बाद विनीता के परिजनों ने आरोप लगाया था जहां मामले में प्रशासन और पुलिस के द्वारा शव का उत्खनन करने की अनुमति दी गई थी। शुक्रवार को प्रशासन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां विनीता के शव का उत्खनन कराया गया और दो चिकित्सकों की टीम द्वारा उसका पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई है। उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बालको के एल्युमिनियम उत्पादन में आया उछाल, क्षमता भी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने वित्तीय वर्ष 2025- 26 में पांच लाख 92 हजार टन उत्पादन दर्ज किया। 2024- 25 में यह आंकड़ा पांच लाख 87 हजार टन था। स्मेल्टर संयंत्र का विस्तार का कार्य चल रह है। इसके अंतर्गत एक नई पॉटलाइन के प्रारंभ होने से उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी हुई है। बालको की एल्युमिनियम उत्पादन क्षमता बढ़कर 7.03 लाख टन हो गई है। पहले



क्षमता 5.70 लाख टन सालाना थी। स्मेल्टर संयंत्र का विस्तार का कार्य चल रह है। इसके अंतर्गत एक नई पॉटलाइन के प्रारंभ होने से उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी हुई है। विस्तार कार्य पूरा हो जाने के बाद बालको की एल्युमिनियम उत्पादन क्षमता एक मिलियन टन से अधिक हो जाएगी। दूसरी ओर वेदांता समूह की कंपनी वेदांता लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025- 26 में 18.57 लाख टन एल्युमिनियम उत्पादन दर्ज किया है। 2024- 25 में 18.30 मिलियन टन उत्पादन हुआ था।

